गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की आपात बैठक दिनांक 17.07.2019 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की आपात बैठक दिनांक 17.07.2019 को सायं 04:30 बजे प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में संपन्न हुई, बैठक के प्रारंभ में कुलसचिव जी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदया की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

1.	प्रो0 अंजिला गुप्ता	अध्यक्ष
2.	प्रो0 ए.के. सक्सेना	सदस्य
3.	प्रो0 व्ही.डी. रंगारी	सदस्य
4.	प्रो0 जी.के. पात्रा	सदस्य
5.	प्रो0 व्ही.एस. राठौर	सदस्य
6.	प्रो0 मनीष कुमार श्रीवास्तव	सदस्य
7.	प्रो0 मनीषा दुबे	सदस्य
8.	प्रो0 बी.एन. तिवारी	सदस्य
9.	प्रो0 प्रतिभा जे. मिश्रा	सदस्य
10.	प्रो0 पी.के. बाजपेयी	सदस्य
11.	प्रो0 ए.एस. रणदिवे	सदस्य
12.	प्रो0 एल.पी. पटैरिया	सदस्य
13.	प्रो0 एम.के. सिंह	सदस्य
14.	प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, कुलसचिव (कार्यवाहक)	सचिव

निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

विषय क्र. 01 जैव प्रौद्योगिकी विभाग में प्राप्त आवेदन पत्रों हेतु प्रासंगिक एवं संबद्ध विषयों के संबंध में।

विद्यापरिषद की स्थायी समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि समस्त विषयों के संदर्भ में प्रासंगिक/संबद्ध/संबंधित विषयों के संबंध में संबंधित संवीक्षण समिति द्वारा निर्णय लिया जाय।

स्थायी समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि विभिन्न संवीक्षण समितियों के अध्यक्ष आवश्यकतानुसार सक्षम स्वीकृति उपरान्त संवीक्षण समिति में अतिरिक्त सदस्य नामित कर सकते है।

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण पर विचार

अ.अ.वि.क्र. 01 विश्वविद्यालय के शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में VET के माध्यम से होने वाले प्रवेश प्रक्रिया पर चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया कि ऐसे पाठ्यक्रम जिनमें सीटें रिक्त रह गयी है उनमें प्रवेश की तिथि 15.07.2019 से बढ़ाकर अंतिम तिथि 23.07.2019 किया जाय।

प्रवेश प्रक्रिया निम्नानुसार रखा जाय --

01. शैक्षणिक विभागों के विभागाध्यक्ष सभी रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु विशेष काउंसिलिंग का आयोजन दिनांक 23.07.2019 को करेंगे।

02. दिनांक 23.07.2019 को विशेष काउंसलिंग का आयोजन इस प्रकार होगा कि ऐसे आवेदक जिन्होंने पूर्व में गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन जमा किया हुआ है वे पूर्वान्ह में 11:00 बजे के पहले वांछित पाठ्यक्रम के विभाग में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थिति प्रदान करेंगे एवं विभागाध्यक्ष को सादे कागज में आवेदन प्रस्तुत करेंगे। संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष प्राप्त आवेदनों के अनुसार अर्हकारी परीक्षा/वेट प्राप्तांक (यथा प्रभावी) के आधार पर अपरान्ह 01:00 बजे प्रावीण्यता सूची जारी करेंगे तथा अपरान्ह 03:00बजे से सायं 06:00 बजे तक उक्त प्रावीण्यता सूची के आधार पर आवेदकों को प्रवेश प्रदान करेंगे।

03. प्रवेश प्रक्रिया की सभी कार्यवाही पूर्व में जारी निर्देश के अनुसार प्रवेश समिति के माध्यम से ही सम्पन्न किया जायेगा।

उपस्थित सदस्यों एवं अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव **कुलपति/अध्यक्ष**